सिद्धार्थ विश्वविद्यालय
कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर
पिन:–272202
website: www.suksn.edu.in

SIDDHARTH UNIVERSITY
Kapilvastu, Sidhharth Nagar
Pin -272202
Email Id: registrar@suksn.edu.in

पत्रांक: 1139 / सा0प्र0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक– 19 / 11 / 2026

सेवा में,

1. अधिष्ठाता छात्र कल्याण,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
   सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
   संबद्ध महाविद्यालय,
   सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर।

विषय– "युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन–2026" के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्रांक– 823 / अ0मु0स0 / उ0शि0 / 2026 उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन दिनांक 17.11.2026 (पत्र संलग्न है) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो दैनिक जागरण तथा भारतीय पर्टयन शोध एवं उद्वर्धन केन्द्र की संयुक्त भागीदारी में दिनांक 14 व 15 दिसम्बर, 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी कर उपस्थिति में प्रस्तावित **"युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन–2026"** का आयोजन प्रस्तावित है। भारतीय ज्ञान परंम्परा के परिप्रेक्ष्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से इच्छुक एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उक्त दो दिवसीय आयोजन में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करें तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराएं।

संलग्नक–यथोक्त (सम्बन्धित पत्र की छायाप्रति)।

19/11/26

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

पत्रांक: / सा0प्र0 / सि0वि0वि0 / 2026 दिनांक– / / 2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिष्ठाता–समस्त संकाय, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. प्रभारी कम्प्युटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं कालेज लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति महोदया, के अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।

Scanned with OKEN Scanner

अमित कुमार घोष,
आई0ए0एस0
अपर मुख्य सचिव

अर्द्धशा0प0सं0-823/अ0मु0स0/उ0शि0/2026
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
लखनऊ: दिनांक: 17/11/2026

प्रिय महोदय / महोदया,

कृपया श्री एस0एन0 जेटली, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, दैनिक जागरण के संलग्न पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो 'दैनिक जागरण' तथा 'भारतीय पर्टयन शोध एवं उद्वर्धन केन्द्र' की संयुक्त भागीदारी में दिनांक 14 एवं 15 दिसम्बर, 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में मा0 मुख्यमंत्री जी उपस्थिति में प्रस्तावित "युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन-2026" के दो दिवसीय आयोजन में सभी विश्वविद्यालयों के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। उक्त पत्र के साथ श्री नीरज श्रीवास्तव, सचिव भारतीय पर्यटन शोध एवं उद्वर्धन केंद्र का पत्र दिनांक 05-11-2026 संलग्न है, जिसके आयोजन के संबंध में विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है।

श्री नीरज श्रीवास्तव, सचिव भारतीय पर्यटन शोध एव उद्वर्धन केंद्र तिलक नगर कानपुर के पत्र दिनांक 05-11-2026 में मुख्यतः भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में अधिक सशक्त युवा भारत का निर्माण किये जाने के दृष्टिगत उपर्युक्त कार्यक्रम प्रस्तावित किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी विश्वविद्यालयों की भागीदारी की अपेक्षा की गयी है।

इस संबंध में आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया 'दैनिक जागरण' तथा 'भारतीय पर्टयन शोध एवं उद्वर्धन केन्द्र' की संयुक्त भागीदारी में दिनांक 14 एवं 15 दिसम्बर, 2026 को प्रस्तावित कार्यक्रम में अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में श्री नीरज श्रीवास्तव, सचिव भारतीय पर्यटन शोध एव उद्वर्धन केंद्र तिलक नगर कानपुर, संपर्क- 840751010 से संपर्क किया जा सकता है।

संलग्नकः यथोक्त।

सादर,

भवदीय
17.11.26
(अमित कुमार घोष)

1. कुलपति,
   राज्य विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।

2. प्रेसिडेंट/कुलाधिपति/कुलपति,
   समस्त निजी विश्वविद्यालय,
   उत्तर प्रदेश।

श्री अमित पांडेय

कक्ष सं0-3 नवीन भवन सचिवालय, लखनऊ-226001

कुलसचिव
18-11-26

Scanned with OKEN Scanner

प्रतिलिपि-

1. श्री अवनीश कुमार अवस्थी, सलाहकार, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. श्री नीरज श्रीवास्तव,सचिव भारतीय पर्यटन शोध एव उध्वर्धन केंद्र 7/81 नारायण दीप एनेक्सी, नारायण अपार्टमेंट, कानपुर(मो0-8400751010)।
3. श्री शैलेंद्र जेटली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दैनिक जागरण, सर्वोदय नगर, कानपुर, मो0-(9956299302)।

17.11.26

(अमित कुमार घोष)

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण
THE WORLD'S LARGEST READ DAILY

Jagran

सेवा में,
श्री अमित कुमार घोष - IAS
अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश
लखनऊ

महोदय,

आपको अवगत कराना है की श्री नीरज श्रीवास्तव, सचिव भारतीय पर्यटन शोध एव उच्चधन केंद्र के प्रस्ताव युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन 2026 का दो दिवसीय आयोजन दैनिक जागरण की संयुक्त भागीदारी में प्रस्तावित तिथि 14 एव 15 दिसम्बर 2026 को इंद्रागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है जो मुख्यत: हमारे वेद पुराण , रामायण, महाभारत, रामचरित मानस तथा ग्रंथों के ज्ञान संग्रह से युवा पीढ़ी को मार्गदर्शन प्रदान कर सुसंस्कृत युवा भारत के निर्माण के संबंध में है।निश्चित रूप से इसकी आज आवश्यकता आयोजन में मुख्य रूप से देश की युवा पीढ़ी को इस क्षेत्र के प्रकांड विद्वान के संवाद से इन ग्रंथों के प्रेरणात्मक ज्ञान से जोड़ा जा सकेगा,जिससे और अधिक सशक्त युवा भारत का निर्माण हो। वर्तमान में ऐसे सामयिक कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी की उपस्थिति अति महत्वपूर्ण है ।
अत: आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त आयोजन में शासन को सहभागिता के साथ सभी विश्वविद्यालयों की युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा माननीय मुख्यमंत्री जी उपस्थिति के साथ प्रत्येक विश्वविद्यालय की शिक्षा प्रसार पवेलियन में अपने अपने विश्वविद्यालय की सहभागिता सहयोग के साथ सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुरोध है

हमें आपके सहयोग की प्रतीक्षा रहेगी।

सादर,

एस. एन. जेटली
सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,
दैनिक जागरण

प्रतिलिपि
1 श्री नीरज श्रीवास्तव,सचिव भारतीय पर्यटन शोध एव उच्चधन केंद्र 7/81 नारायण दीप एनेक्सी, नारायण अपार्टमेंट कानपुर Mob 8400751010

Scanned with OKEN Scanner

ITRPC

भारतीय पर्यटन शोध एवं उद्वर्धन केन्द्र
INDIAN TOURISM RESEARCH & PROMOTION CENTRE

सादर प्रेषित

दिनांक: 05-11-2026

अपर मुख्य सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ

महोदय,

जैसा की अवगत है की, पर्यटन विकास गंगा संरक्षण के साथ संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में संस्था भारतीय पर्यटन शोध एव उध्वर्धन केंद्र विभिन्न योजनाओं पर शासन और प्रशासन के सहयोग से कार्य कर रही है। पूर्व वर्षों में मुख्य सचिव के नेतृत्व में तथा जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग के साथ दैनिक जागरण की भागीदारी में गोमुख से गंगा सागर जैसे आयोजन के साथ नैनीताल हरिद्वार एव महोबा में जल क्रीड़ा के आयोजन, गंगा संरक्षण के लिए गंगा यात्रा गोमुख से गंगा सागर और गंगा अभियान हरिद्वार से पटना के अतिरिक्त आर्किटेक्ट टूरिज्म जैसे उद्देश्यपूर्ण आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित किए गए ।कानपुर नगर के इन्फ्रास्ट्रक्चरल विकास में भी समन्वय जैसे कार्य में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रयास सदैव सामयिक कार्यो को आगे बढ़ाने में रहता है, इसी क्रम में भारत की युवा पीढ़ी जो मुख्यतः विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा प्राप्त कर रही है उन्हें भारतीय संस्कृतिमय बना कर प्रत्येक क्षेत्र में कुशलकर्ता बनाने हेतु युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन 2026 का आयोजन, दैनिक जागरण की भागीदारी में करने का प्रस्ताव, जिसका विवरण और सार निम्नवत हैं:-

युवा भारत उत्सव

ग्रंथ दर्शन - 2026 जागरण

वेद-रामायण-महाभारत-रामचरितमानस ग्रंथों के ज्ञान प्रवाह से भारत के युवाओं को जोड़ सुसंस्कृत युवा भारत का निर्माण

सनातनी भारत में ज्ञान विज्ञान वेद पुराण ग्रंथों का अद्भुत संगम और इन्ही पौराणिक ग्रंथों के ज्ञान संग्रह और मार्गदर्शीय प्रेरणा से सनातनी भारत का निर्माण हुआ और भारत प्राचीनतम सभ्यता वाला देश बन गया। भारत की इस अनमोल विरासत का संरक्षण और प्रसार भी भारत की युवा शक्ति ने इन्ही ग्रंथों के ज्ञान संग्रह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में किया। भारत के इन महान वेद पुराण, रामायण, महाभारत और रामचरित मानस के ज्ञान संग्रह की प्रेरणा से विद्वानों के मार्गदर्शन में भारतीय युवा पीढ़ी को सशक्त मार्गदर्शन प्रदान कर युवा नेतृत्व भारत के निर्माण हेतु एक नई पहल, दो दिवसीय युवा भारत उत्सव ग्रंथ दर्शन 2026 का ~~लखनऊ~~ जागरण में दिसंबर माह में

Regd. office
Narayan Deep Annexy, 7/81, Tilak Nagar, kanpur - 208002 INDIA
Mob.: 8400751010
E-mail : itrpcindia@yahoo.co.in www.itrpcindia.com

Scanned with OKEN Scanner

आयोजन किए जाने का प्रस्ताव है, जिसके संयुक्त आयोजक के रूप में देश के प्रमुख समाचार पत्र दैनिक जागरण ने अपनी सहमति दी है। प्रस्तावित आयोजन में देश के विभिन्न वर्गों के युवा के अतिरिक्त विश्वविद्यालय अंतर्गत शिक्षा प्राप्त कर रहे युवा होंगे, जिन्हें एक सशक्त भारत का निर्माण करना है। आयोजन की रूपरेखा में ग्रन्थ ज्ञान पवेलियन जिसमें रामायण - महाभारत- श्रीमदभागवत- रामचरितमानस- समस्त वेद पुराण के ग्रंथ दीर्घा, युवा शिक्षा पवेलियन समस्त विश्व विद्यालय की उपस्थिति में उनकी समस्त शैक्षिक जानकारी के साथ दीर्घा। तथा ग्रंथ दर्शन संवाद जिसमें इन महान ग्रंथों के मुख्य ज्ञानवर्धक प्रसंगों से प्रकांड तार्किक विद्वान गण युवाओं की उपस्थिति में उनके सरल संवाद से प्रेरणात्मक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेगें। आयोजन की भव्यता और राष्ट्रव्यापी उद्देश्य के दृष्टिगत प्रति वि विशिष्ट व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाना है। वर्तमान परिवेश में भविष्य का भारत कुशल तथा सुसंस्कृत युवा भारत पर आधारित होगा अतः ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, जिसमें शासन का सहयोग भी उपयोगी और औचित्यपूर्ण होगा।

अतः प्रस्तावित आयोजन में प्रत्येक विश्वविद्यालय के शिक्षार्थी युवा वर्ग की भागीदारी, उनके वित्तीय सहयोग के साथ अलग अलग विश्व विद्यालयों के द्वारा दी जा रही शिक्षा से संबंधित उनके स्टाल प्रदर्शनी में भागीदारी हेतु तथा समस्त कुलपतिगणों को उपस्थिति रहने हेतु एक पत्र भेजें जाने हेतु अनुरोध है।

भवदीय,

नीरज श्रीवास्तव
सचिव,
भारतीय पर्यटन शोध एव उध्वर्धन केंद्र, कानपुर
mail:- srivastavaneeraj8400@gmail.com
Mobile:- 8400751010

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण

THE WORLD'S LARGEST READ DAILY

Jagran

नवम्बर 04, 2026

सेवा में,
श्री सौरज श्रीवास्तव,
सचिव,
भारतीय पर्यटन शोध एवं उन्नयन केन्द्र,
कानपुर।

विषय: युवा भारत उत्सव संध दर्शन-2026

महोदय,

उपरोक्त संदर्भ में आपका पत्र दिनांक 04.11.2026 प्राप्त हुआ जिसमें आपने पूर्व की भाँति दैनिक जागरण से इस वृहद आयोजन में सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की है।

इस संदर्भ में हम अवगत करा दें कि दिसम्बर, 2026 में प्रस्तावित युवा भारत उत्सव संध दर्शन-2026 में दैनिक जागरण सक्रिय सहभागिता के रूप में अपनी संस्तुति प्रदान करता है।

हमें विश्वास है कि दैनिक जागरण और भारतीय पर्यटन शोध एवं उन्नयन संयुक्त रूप से यह आयोजन सफलतापूर्वक समय रहते आयोजित कर सकेंगे।

सधन्यवाद।

भवदीय,
कृते जागरण प्रकाशन लि.

(शैलेन्द्र जेतली)
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

Scanned with OKEN Scanner